भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †228
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

रणभूमि ऐप

†228. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रणभूमि ऐप में शामिल किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐप में सूचीबद्ध दूरस्थ और संवेदनशील स्थलों पर आने वाले आगंतुकों के लिए क्या सुरक्षा उपाय किए गए हैं; और

(ग) क्या रणभूमि ऐप में दर्शाए गए 77 स्थलों पर अवसंरचना और सुविधाओं में वृद्धि करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): (i) जैसा कि रक्षा मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है, रणभूमि ऐप और भारत रणभूमि दर्शन पहल ऐतिहासिक महत्व और वीरता वाले ऐसे क्षेत्रों को भारत के नागरिकों के लिए खोलने के लिए शुरू की गई है, जो भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान को दर्शाते हैं।
(ii) 77 शौर्य गंतव्य स्थलों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(ख): भारतीय सेना ने राज्य सरकारों और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से इन संवेदनशील और दूरस्थ स्थानों पर आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जोखिम न्यूनीकरण और सुरक्षा उपाय लागू किए हैं, जो इस प्रकार हैं:

(i) **सैन्य संपर्क बिंदु और सहायता-** उच्च जोखिम वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में, आगंतुकों को सुरक्षा और मंजूरी के लिए सेना इकाइयों के साथ समन्वय करना आवश्यक है, जो एकल

खिड़की के माध्यम से सुगम है। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में, सावधानी बरतने और अनुकूलन प्रोटोकॉल की भी सलाह दी जा रही है।

(ii) **नियंत्रित पहुंच और परमिट-** सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों में प्रवेश को विनियंत्रित किया जाता है और विशेष परमिट जारी किए जाते हैं।

(iii) **आपातकालीन प्रतिक्रिया और चिकित्सा सहायता-** क्षेत्र में आकस्मिक सुविधा के लिए जिला अस्पताल उपलब्ध है। तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए सेना द्वारा आपातकालीन निकासी प्रोटोकॉल लागू हैं।

(iv) **मौसम संबंधी सलाह-** विषम परिस्थितियों में दुर्घटना से बचने के लिए मौसम संबंधी सलाह जारी की जाती है।

(v) **पर्यटन और पर्यावरण संबंधी दिशानिर्देश-** संवेदनशील इको सिस्टम के संरक्षण और जिम्मेदारीयुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी पर्यटन कार्य पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाता है।

(ग): **अवसंरचना संवर्धन और मूलभूत सुविधाओं का विकास:**

(i) “भारत रणभूमि दर्शन” नामक पहल जागरूकता और डिजिटल जुड़ाव के मंच के रूप में कार्य करती है।

(ii) वर्तमान में इन स्थानों पर युद्ध स्मारक/संग्रहालय और जलपान आदि की कुछ सुविधाएँ उपलब्ध हैं। अवसंरचना संवर्धन संबंधित राज्य की अपनी योजनाओं के माध्यम से किया जाता है।

*****

अनुबंध

श्री एंटो एन्टोनी द्वारा रणभूमि ऐप के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †228 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

77 शौर्य गंतव्य स्थलों का राज्यवार विवरण

राज्य	शौर्य गंतव्य स्थल	स्थलों की कुल संख्या
जम्मू और कश्मीर	गुरेज सेक्टर	11
	बंगस घाटी	
	अरु वैली	
	युसमर्ग घाटी	
	वार्मन वैली	
	चंदीग्राम	
	केरेन	
	माछिल	
	तीतवाल	
	बारामूला	
	उरी	
हिमाचल प्रदेश	स्पीति घाटी	04
	किन्नौर घाटी	
	कल्पा घाटी	
	सांगला घाटी	
राजस्थान	लोंगेवाला	07
	तनोट	
	रामगढ़	
	सुंदरा	
	मुनाबाओ	
	गदरा रोड	
	भाकासर	
गुजरात	कोटेश्वर	05

	सुइगम रण रीगन	
	कच्छ क्षेत्र	
	लखपत	
	भुज	
लद्दाख	गलवान घाटी	14
	कारगिल	
	सियाचिन बेस कैंप	
	काराकोरम दर्रा	
	पैंगोंग टीएसओ	
	डेमचोक	
	पदुम घाटी	
	हनले	
	चुशुल	
	हुंडर	
	तयक्षी	
	तुरतुक	
	टास्किंग	
	पनामिक	
सिक्किम	डोकलाम	07
	गुरुडोंगमार	
	थांगू क्षेत्र	
	लाचुंग क्षेत्र	
	गीजिंग	
	युकसोम	
	पूर्वी सिक्किम क्षेत्र	
अरुणाचल प्रदेश	तवांग	21
	वालोंग	
	दिरांग	
	बम ला	
	सुंगेतसर	
	ज़ेमिथांग	

	गोरसम	
	लंपो	
	बोमडिला	
	लोहित	
	कामेंग क्षेत्र	
	बिशुम घाटी	
	दिबांग क्षेत्र	
	अनिनी	
	मेंचुका क्षेत्र	
	सियांग क्षेत्र	
	यिंगकिऑंग	
	गेलिंग	
	ऊपरी सुबनसिरी घाटी	
	त्सारी चू घाटी	
	टुटिंग घाटी	
उत्तराखंड	लिपुलेख दर्रा	08
	पिथौरागढ़	
	हर्षिल सेक्टर	
	माना सेक्टर	
	मलारी सेक्टर	
	कुमाऊं क्षेत्र	
	धारचूला	
	गुंजी	

*****